(४) भक्ताङ्घ्रिरेणु (तिण्डारड़िपड़ि)

(4) Bhaktāṅghri-reṇu (Tiṇḍāraḍipaḍi)

–ॐ विष्णुपाद श्रीभक्तिसिद्धान्त सरस्वती 'प्रभुपाद'

—Oṁ Viṣṇupāda Śrī Bhakti-siddhānta Sarasvatī 'Prabhupāda'

परिचय

Introduction

भक्ताङ्घ्रिरेणुका पूर्व नाम विप्रनारायण था।

Bhaktāṅghri-reṇu was formerly known as Vipra-nārāyaṇa.

इनका जन्म चोल–राज्यके अन्तर्गत मण्डनगुड़ी नामक एक गाँवमें शोलीय ब्राह्मण–कुलमें २८८ कल्याब्दके मार्गशीर्षके महीनेमें हुआ था।

He was born in a village named Maṇḍana-guḍī, under the Chola kingdom, in a Śoliya Brahmin family, in the month of Mārgaśīrṣa in the year 288 Kalyabda (i.e. 288 years after the Kali-yuga had begun).

ये स्वभावसिद्ध योगी थे।

He was an inherently accomplished *yogī*.

[Note: Yogī is a person whose heart remains connected with Śrī Bhagavān and he endeavors for spiritual perfection.]

विषय-भोगकी कामनाएँ उनके चित्तको छू तक न गयी थीं।

The desires for sense enjoyment had not even touched his mind.

इन्होंने विधिवत् संस्कार प्राप्त कर वेद–वेदांगोंका भलीभाँति अध्ययन किया था तथा उनमें विशेष पारदर्शिता प्राप्त की थी।

He underwent cultural purificatory processes known as *saṁskāras* as per prescribed scriptural injunctions and thoroughly studied the *Vedas* and *Vedāṅgas*, gaining special clarity and proficiency in them. [Note: *Vedāṅgas* means six auxiliary portions of the *Vedas*; 1) *Śikṣā* — proper pronunciation and articulation of Vedic Sanskrit, 2) *chanda* — rhythmic metres for chanting *ślokas*, 3) *vyākaraṇa* — grammar, 4) *nirukta* — an explanation of difficult Vedic words, 5) *jyotiṣa* — astrology, 6) *kalpa* — the ceremonial process of Vedic ceremonies for *yajña*.]

श्रीरामानुज सम्प्रदायमें ये भगवान्‌की वनमालाके अवतार माने जाते हैं।

In the Śrī Rāmānuja *sampradāya* (the authorized Vaiṣṇava disciplic succession of bona fide spiritual masters coming through Śrī Rāmānuja), He is considered the incarnation of Bhagavān's *vana-māla* (garland of forest flowers).

थोड़ी आयुमें ही इन पर भगवद्भक्तिका गहरा रङ्ग चढ़ गया।

At a young age, he was deeply imbued with devotion to Bhagavān.

ये एक बार श्रीरङ्गक्षेत्रमें उपस्थित हुए।

He once arrived in Śrī Raṅga-kṣetra.

वहाँ श्रीरङ्गनाथजीका दर्शनकर इतने आकृष्ट हुए कि उन्होंने मन-ही-मन अपनेको श्रीरङ्गनाथजीके चरणोंमें अर्पण कर दिया

There, after having the *darśana* of Śrī Raṅganāthajī, he was so captivated that he mentally offered himself at the lotus feet of Śrī Raṅganāthajī.

और उनकी सेवामें ही जीवनकी शेष घड़ियाँ बितानेका संकल्प कर लिया।

And he resolved to spend the remaining time of his life in His service.

उन्होंने निचुलापुरी नामक राजधानीके निकटवर्ती स्थानमें जो श्रीरङ्गनाथजीके मन्दिरसे सटा हुआ था, एक मनोरम बगीचा लगाया।

He planted (cultivated) a very charming garden in a place which was near to the capital called Niculā-purī and adjacent to the temple of Śrī Raṅganāthajī.

उसमें तुलसी-कानन एवं नाना प्रकारके सुन्दर फूल लगाए और नित्य उसके तुलसी तथा फूलोंसे सुन्दर-सुन्दर हार गूँथकर श्रीरङ्गनाथजीको अर्पण करते।

In that area, he cultivated a garden of Tulasī plants and panted various types of charming flower bearing plants and creepers. He used to string beautiful garlands from Tulasī delicate *mañjarīs* and leaves and fragrant flowers and offer to Lord Raṅganātha.

वे प्रतिदिन आठ प्रकारकी मालाएँ अर्पण करते; जो क्रमशः अहिंसा, इन्द्रियनिग्रह, सब प्राणियों पर दया, क्षमा, ध्यान, तपस्या, ज्ञान और सत्यरूप–

He offered eight types of garlands every day, which represent, in order, non-violence (*ahiṁsā*), control of the senses (*indriya-nigraha*), compassion for all living beings (*jīve dayā*), forgiveness (*kṣamā*), meditation (*dhyāna*), austerity (*tapasyā*), knowledge (*jñāna*), and the essence of truth (*satya-rūpa*).

ये आठ प्रकारकी उनकी मानस पुष्पार्चनका प्रतीक होती थीं।

These eight types of garlands symbolized his mental offering of flowers.

इस प्रकार इनकी यह दैनिक सेवा सुचारुरूपसे चलने लगी।

Thus, his daily devotional service to Lord Raṅganātha began to run smoothly.

उस समय तिरुक्करम्वानुर नामक नगरमें एक बड़ी रूपवती वाराङ्गना रहती थी जिसके सौन्दर्य पर स्वयं चोलराज भी मुग्ध थे।

At that time, there lived a beautiful courtesan in the city named Tirukkaram-vānura, whose beauty captivated even the Chola king himself.

उसका नाम देवदेवी था।

Her name was Deva-devī.

वह प्राय: चोलराजके महलमें आया-जाया करती।

She often used to come and go to the Cola king's palace.

रास्तेमें ही विप्रनारायणका पुष्पकानन पड़ता था।

On the way, there was the flower garden of Vipra-nārāyaṇa.

एक दिन जब वह अपनी बहिनके साथ राजप्रासादसे लौट रही थी, विप्रनारायणके बगीचेका प्राकृतिक सौन्दर्य देखकर दोनों ही चमत्कृत हो गयीं और वहीं एक वृक्षके नीचे बैठकर विश्राम करने लगीं।

One day, when she was returning from the royal palace with her sister, both were astonished by the natural beauty of Vipra-nārāyaṇa's garden and decided to rest under a tree there.

सहसा देवदेवीकी दृष्टि विप्रनारायण पर पड़ी।

Suddenly, Deva-devī's gaze fell upon Vipra-nārāyaṇa.

उस समय वे तुलसी के पौधोंको सींच रहे थे और साथ-ही मधुर स्वरसे प्रेमपूर्वक भगवन्नामका कीर्त्तन भी कर रहे थे।

At that time, he was watering the Tulasī plants and simultaneously singing aloud the holy in a sweet voice with love and affection.

वे तुलसी-सेवामें इतने मस्त थे कि उन्होंने उन दोनों रमणियोंकी तरफ आँख उठाकर भी नहीं देखा।

He was so engrossed in serving the holy Tulasī plants that he did not even glance towards the two lovely young ladies (*ramaṇīs*).

इस उपेक्षासे देवदेवीके मनको बड़ी ठेस पहुँची।

This neglect deeply hurt Deva-devī's mind.

वह तिलमिला उठी और अपनी बहिनसे बोली–'यह आदमी पागल तो नहीं है?

She was taken aback and said to her sister, 'Is this man not crazy?

मेरे जिस सौन्दर्य पर बड़े-बड़े राजा तक मुग्ध हैं, यह युवक तपस्वी उसकी तरफ एकबार भी आँख उठाकर नहीं देखता।'

Even great kings are captivated by my beauty, yet this young ascetic (*tapasvī*) does not even glance in my direction.'

देवदेवीकी बहिनने कहा–'जिनका चित्त-चंचरीक अखिल सौन्दर्यके आकर भगवान्‌की रूप-माधुरीका पान कर चुका है, विषय-भोगोंके प्रति उनकी स्वाभाविक विरक्ति होती है–नारीका घृणित रूप उन्हें आकर्षित नहीं कर सकता।'

Devadevī's sister said, 'Those whose bumblebee like hearts have already tasted the sweet beautiful form of Bhagavān, who is the source of all the beauty in the universe, naturally develop a disinterest in sense enjoyment and the disgusting and reprehensible form of a woman cannot attract them.'

देवदेवीने कहा–'देख लूँगी।'

Deva-devī said, 'I will see.'

उसकी बहिनने कहा–'मैं भी देखूँगी कि तुम इस तपस्वीको कैसे अपने रूप-पाशमें बाँधती हो।

Her sister replied, 'I will also see how you bind this ascetic in the trap (noose or snare) of your beauty.

बहिनजी! तुम्हारी यह आशा दुराशामात्र है। यदि यह ब्राह्मण-कुमार तुम्हारे रूप-पाशमें बँध गया तो मैं छः महीने तक तुम्हारी दासी होकर रहूँगी।'

Sister! Your hope is nothing but a vain hope. If this Brahmin youth gets entangled in your beauty, then I will serve you as your maidservant for six months.'

देवदेवीने भी अभिमानयुक्त शब्दोंमें कहा–

Deva-devī also said with a tone of pride—

'यदि इस युवकको अपने रूपकी मदिरा पिलाकर पागल न कर दूँ तो मैं भी छः महीने तक तुम्हारी दासी होकर रहूँगी।

'If I do not make this young man mad and intoxicated by making him drink the wine of my beauty, then I too will serve you as your maidservant for six months.'

इस प्रकार दोनों बहिनोंमें बाजी लग गयी।

Thus, a wager was placed between the two sisters.

देवदेवीने उसी समय अपने सारे अलंकार और वेशकीमती कपड़े उतारकर बहिनके हाथ घर भेज दिये और स्वयं एक संन्यासिनीका वेष बनाकर धीरे-धीरे विप्रनारायणके सामने जा खड़ी हुई।

Deva-devī immediately took off all her ornaments and precious clothes and sent them home with her sister. She then dressed as a renunciant (*sannyāsinī*) and slowly approached Vipra-nārāyaṇa and stood before him.

विप्रनारायणने एक युवती संन्यासिनीको सामने हाथजोड़े खड़ी देखकर चकित होकर पूछा–

Vipra-nārāyaṇa, seeing a young female renunciant (*sannyāsinī*) standing before him with folded hands, was astonished and asked—

'तुम कौन हो और यहाँ क्यों आयी हो? तुम्हारा इस प्रकार अकेला घूमना उचित नहीं, तुम शीघ्र यहाँसे चली जाओ।'

'Who are you and why have you come here? It is not appropriate for you to wander alone like this; you should leave this place quickly.'

संन्यासिनीने बड़े ही करुण शब्दोंमें कहा–'महाराज! मैं दुःखकी मारी एक अभागिनी हूँ। आप मेरे दुःखकी कहानी सुनकर जैसा उचित समझें, करें।

The female renunciant (*sannyāsinī*) said in a very sorrowful tone, 'O Mahārāja! I am an unfortunate woman, afflicted by sorrow. Please listen to the story of my suffering and do as you deem appropriate.

मेरी माता मुझे अपनी इज्जत बेचकर धन उपार्जन करनेके लिए विवश करती है, किन्तु मैं किसी भी मूल्यमें इस प्रकार एक कलंकित जीवन बिताना नहीं चाहती।

My mother compels me to earn money by selling my dignity (body), but I do not wish to live a life stained by such disgrace at any cost.

लाचार होकर मैं आपकी शरणमें आयी हूँ।

Helpless, I have come to seek refuge in you.

मुझ निराश्रयाको दयाकी भीख देकर रक्षा करें।

Please protect me, a helpless one, by granting charity of your compassion and mercy.

मैं आपकी झोंपड़ीसे दूर किसी वृक्षके नीचे पड़ी रहूँगी, बगीचेके पौधोंको सींचूँगी, उनकी रखवाली करूँगी और आपका जूठन खाकर ही बड़े सुखसे जीवन बिता सकूँगी।'–

I will lie down under a tree away from your hut, water (irrigate) the plants in the garden, take care of them, and I will be able to live happily by eating your leftovers.'

ऐसा कहकर वह फफक-फफककर रोने लगी।

Saying this, she began to sob uncontrollably.

सरल हृदय भक्तने उस वाराङ्गनाके कपट भरे वचनोंपर विश्वास कर लिया और दयार्द्र होकर उसे बगीचेमें रहने की अनुमति दे दी।

The simple-hearted devotee believed the deceitful words of the courtesan and, feeling compassionate, granted her permission to stay in the garden.

कई दिन बीत गये।

Several days passed.

जाड़ेका दिन है।

It is a winter day.

रातका समय है। मूसलाधार वर्षा हो रही है। बेचारी संन्यासिनी उसी पेड़के नीचे ठिठुर रही है।

It is nighttime, and heavy rain is pouring down. The poor female renunciant (*sannyāsinī*) is shivering under that tree.

उसकी साड़ी पानीसे तर हो गई है।

Her sari has become wet from the rain.

बड़ी दया आई विप्रनारायणको उस बेचारी संन्यासिनीकी उस दशा पर।

Vipra-nārāyaṇa felt great compassion for the poor female renunciant (*sannyāsinī*) in that condition.

उन्होंने उसे अपनी झोंपड़ीमें बुला लिया।

He called her into his hut.

बिजलीकी चमकमें भक्तने भीगी हुई साड़ीमें सिमटी हुई देवदेवीका अनुपम सौन्दर्य देखा।

In the flash of lightning, the devotee beheld the incomparable beauty of Deva-devī, who was huddled in her wet sari.

वे क्रमशः अपना साधुबल खोने लगे और अन्तमें छद्मवेषिनी संन्यासिनीके माया-जालमें बँध गये।

He gradually began to lose his ascetic strength and ultimately became ensnared in the illusion created by the disguised female renunciant (*sannyāsinī*).

देवदेवीकी विजय हुई, उसकी मनोकामना पूर्ण हुई।

Deva-devī was victorious, and her wishes were fulfilled.

कुसङ्गका असर होता ही है, धीरे-धीरे विप्रनारायणका चित्त भगवान् श्रीरङ्गनाथजीकी सेवासे हटकर देवदेवीकी ओर जा चिपका।

The influence of bad company certainly takes effect, and gradually, Vipra-nārāyaṇa's mind shifted (drifted) away from the devotional service of Bhagavān Śrī Raṅganāthajī and became attached to Deva-devī.

आज वे देवदेवीके कृतदास हैं। देवदेवीने भी मौका देखकर अपना स्वरूप प्रकट किया और वहाँ अर्थाभाव देखकर घर लौट आई।

Today, he was the devoted servant of Deva-devī. Deva-devī also took the opportunity to reveal her true form (*svarūpa*) and, seeing the lack of resources and money there, returned home.

मरता क्या न करता। विप्रनारायण भी दुर्बलतावशतः खिंचे हुए उसके घर आने लगे।

Desperate times call for desperate measures. Vipra-nārāyaṇa, too, began to be drawn to her house out of weakness.

उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति, मान-प्रतिष्ठा, ज्ञान-वैराग्य और सब कुछ उस वेश्याके चरणोंमें लुटा दिया।

He squandered all his wealth, honor, reputation, knowledge, renunciation, and everything else at the feet of that courtesan.

रूपकी मारने भक्तको दर-दरका भिखारी बना दिया।

The allure of beauty turned the devotee into a beggar, wandering from door to door.

विप्रनारायणके जब पास देवदेवीको प्रसन्न करनेके लिये कुछ न रहा तब उसने उन्हें दुत्कारकर अपने घरसे निकाल दिया।

When Vipra-nārāyaṇa had nothing left to please Deva-devī, she scorned him and drove him out of her house.

श्रीरङ्गनाथजीकी कृपा

Mercy of Śrī Raṅganāthajī

रातका समय है।

It is nighttime.

विप्रनारायण देवदेवीके देहली पर बैठे दरवाजा खुलनेकी प्रतीक्षा कर रहे हैं।

Vipra-nārāyaṇa was sitting at the threshold of the door of Deva-devī waiting for it to open.

लाख गिड़गिड़ानेपर भी दरवाजा न खुला।

Even after begging a lot, the door did not open.

वे मन मारकर वहीं पास ही बैठे हैं,

He was sitting nearby, suppressing his feelings.

इसी समय श्रीरङ्गनाथजी लक्ष्मीजीको साथ लेकर उसी मार्गसे निकले, लक्ष्मीजीने विप्रनारायणको वहाँ दुःखी होकर बैठे देखा।

At that moment, Śrī Raṅganāthajī, accompanied by Lakṣmījī, came down the same path. Lakṣmījī saw Vipranārāyaṇa sitting there in a dejected condition.

उन्हें यह समझते देर न लगी कि यह उन्हींका पुराना भृत्य है, किन्तु समयके फेरसे आज उसकी यह दुर्दशा है।

It didn't take Her long to realize that this was Her old servant, but due to the twists of time, he was in this unfortunate state today.

उन्होंने श्रीरङ्गनाथजीसे उनके पुराने सेवकका उद्धार करनेके लिए अनुरोध किया। रङ्गनाथजीने हँसकर उनकी प्रार्थना स्वीकार कर ली।

She requested Śrī Raṅganāthajī to rescue Her old servant. Raṅganāthajī accepted Her prayer with a smile.

देवदेवीका दरवाजा खूब जोरोंसे कोई खटखटा रहा है। देवदेवीने भीतर ही पूछा –'कौन है?' 'मैं विप्रनारायणका नौकर हूँ, उन्होंने आपके लिये यह सोनेका थाल भेजा है।

Someone is knocking loudly at the door of Deva-devī. Deva-devī asked from inside, 'Who is it?' 'I am the servant of Vipra-nārāyaṇa; he has sent this golden platter for you.

वे स्वयं यहीं निकट ही आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं'–किवाड़ोंके खटखटानेवाले अज्ञात व्यक्तिने उत्तर दिया। देवदेवीके आनन्दकी सीमा न रही।

He is waiting for you right here nearby,' the unknown person who was knocking on the door replied. The joy of Deva-devī knew no bounds.

उसने किवाड़ खोलकर सोनेके थालको अन्दर रख लिया और विप्रनारायणको बड़े आग्रहसे अपने घरके अन्दर लिवा ले गई। इधर नौकर गायब हो गया।

She opened the door, placed the golden platter inside, and with great insistence, brought Vipra-nārāyaṇa into her home. Meanwhile, the servant disappeared.

दूसरे दिन प्रातःकाल श्रीरङ्गनाथजीके मन्दिरमें बड़ी सनसनी फैल गई –'श्रीरङ्गनाथजीका सोनेका थाल गायब हो गया है।'

The next morning, there was a great sensation in Śrī Raṅganāthajī's temple—'The golden platter of Śrī Raṅganāthajī has gone missing!'

पुजारियोंने मन्दिरके अध्यक्षको इसकी सूचना दे दी। धीरे-धीरे यह खबर राजाके कानों तक पहुँची।

The priests informed the head of the temple about this. Gradually, the news reached the ears of the king.

सभी परेशान थे। बड़ी छानबीन होने लगी।

Everyone was worried. A thorough investigation began.

इसी बीच देवदेवीकी दासीने मन्दिरके अध्यक्षके निकट विप्रनारायण द्वारा देवदेवीको इस प्रकार एक सोनेका थाल उपहारमें देनेकी घटना सुनाई।

In the meantime, Deva-devī's maidservant informed the head (president) of the temple about the incident where Vipra-nārāyaṇa had gifted a golden platter to Deva-devī in this manner.

फिर क्या था, राज-कर्मचारियोंने राजाज्ञासे थाल समेत देवदेवी और विप्रनारायणको पकड़कर राजदरबारमें उपस्थित किया।

Then what happened was that the royal officials, under the king's orders, apprehended Deva-devī and Vipra-nārāyaṇa along with the golden platter and brought them to the royal court.

देवदेवीने राजाको बतलाया कि यह थाल कल रातमें मुझे विप्रनारायणका एक नौकर दे गया था। राजाने विप्रनारायणको सच-सच बात कहनेके लिये कहा।

Deva-devī explained to the king that this platter had been given to her by a servant of Vipra-nārāyaṇa last night. The king asked Vipra-nārāyaṇa to tell the truth.

विप्रनारायणने कहा–“महाराज! मैं एक दरिद्र व्यक्ति हूँ, न तो मेरे पास कोई नौकर-चाकर ही है और न ही सम्पत्ति। मैं इस थालके सम्बन्धमें कुछ नहीं जानता।”

Vipra-nārāyaṇa said, ‘Mahārāja! I am a poor person; I have neither servants nor any wealth. I know nothing about this golden platter.’

आखिर चोरीका माल रखनेके अपराधमें देवदेवीको अर्थदण्ड दिया गया और कोई पक्का सबूत न मिलनेके कारण विप्रनारायणको सन्देहमें गिरफ्तारकर हिरासतमें रखा गया।

Ultimately, Deva-devī was fined for possessing stolen goods, and due to the lack of concrete evidence, Vipra-nārāyaṇa was arrested on suspicion and kept in custody.

भक्तकी ऐसी दुर्दशा देखकर लक्ष्मीजीको फिर बड़ी दया आई, उन्होंने पुनः श्रीरङ्गनाथजीसे उसपर कृपा करनेके लिये प्रार्थना की।

Seeing the plight of the devotee, Lakṣmījī felt great compassion once again and prayed to Śrī Raṅganāthajī to show mercy on him.

श्रीरङ्गनाथजीने राजाको स्वप्न दिया–मैंने अपने भक्तका उद्धार करनेके लिये यह सब लीला रची है।

Śrī Raṅganāthajī gave the king a dream—‘I have orchestrated all this pastime to deliver (uplift) My devotee.

मैं स्वयं विप्रनारायणका नौकर बनकर अपना थाल देवदेवीको दे आया था।

I myself came as Vipra-nārāyaṇa's servant and delivered the platter to Deva-devī.

विप्रनारायण बिल्कुल निर्दोष है। उसे छोड़ दो।” राजाको बड़ा आश्चर्य हुआ। करुणावरुणालय भगवान्की दयाकी ऐसी झाँकी पाकर वे गदगद् हो गये।

Vipra-nārāyaṇa is completely innocent. Release him.’ The king was greatly astonished. Overwhelmed by such a glimpse of the compassion of Bhagavān who is the ocean of mercy, he was filled with great ecstasy.

प्रातःकाल विप्रनारायणको बड़े आदरसे कारागृहसे मुक्तकर उनकी झोंपड़ीमें पहुँचा दिया गया और देवदेवीका अर्थदण्ड क्षमाकर उससे वसूल की गई रकम लौटा दी गई।

In the morning, Vipra-nārāyaṇa was respectfully released from prison and taken to his hut, and the fine imposed on Deva-devī was forgiven, with the collected amount returned.

पश्चाताप और 'भक्ताङ्घ्रिरेणु' नाम ग्रहण

Repentance and the acceptance of the name 'Bhakta-aṅghri-reṇu' (Particle of the foot-dust of the devotees)

इस घटनाने विप्रनारायणकी आँखें खोल दीं। माया और मोहका नशा उतर गया था।

This incident opened Vipra-nārāyaṇa's eyes. The intoxication of illusion (*māyā*) and bewilderment (*moha*) had faded away.

अपने पूर्व कर्मों तथा करुणावारिधि श्रीरङ्गनाथकी अहैतुकी दयाका स्मरणकर उनका हृदय पश्चात्तापसे भर गया।

Remembering his past actions and the unconditional mercy of Śrī Raṅganātha, who is the fathomless ocean of compassion, his heart was filled with repentance.

वे अपनेको बार-बार धिक्कारने लगे।

He began to reproach himself repeatedly.

अपने किये हुए अपराधोंसे मुक्त होनेके लिये उन्होंने भगवद्भक्तोंका पादोदक पान किया और उनकी पवित्र चरण-रजको अपने मस्तक पर धारण किया।

To be freed from his committed sins, he drank the water that had washed the feet of the devotees of Bhagavān and adorned his head with their sacred foot-dust.

अब वे अपना परिचय 'भक्ताङ्घ्रिरेणु' या तामिलभाषा में 'तोण्डारड़िप्पड़ि' के नामसे देने लगे।

Now he began to introduce himself by the name 'Bhakta-aṅghri-reṇu' (a particle of the foot-dust of the Vaiṣṇavas) or in Tamil, 'Toṇḍāraḍippaḍi'.

उनकी जीवन-सरिताकी धारा पुनः प्रबलरूपसे भक्तिसागरकी ओर प्रवाहित होने लगी।

The current of the river of his life began to flow strongly once again towards the ocean of devotional service.

वे बड़ी श्रद्धासे भगवान्‌के भक्तोंकी सेवा करने लगे।

He began to serve the devotees of Bhagavān with great faith.

उनके हृदयमें साधारण लोगोंकी तरह नाना तीर्थोंमें भ्रमण करनेकी कामनाको तनिक भी स्थान न मिला। सारा जीवन श्रीरङ्गनाथजीकी सेवामें बिताया।

In his heart, there was no place for the desire to wander in various holy places of pilgrimage and holy rivers (*tīrthas*) like ordinary people. He spent their entire life in the devotional service of Śrī Raṅganāthajī.

देवदेवी–श्रीरङ्गनाथजीकी सेविकाके रूपमें

Deva-devī's new role as the maidservant (*sevikā*) of Śrī Raṅganāthajī

इधर देवदेवी भी उक्त घटनाके प्रभावसे अछूती न रह सकी। उसको भी अपने पापमय जीवनसे घृणा हो गई।

Meanwhile, Deva-devī could not remain untouched by the impact of the aforementioned events. She too developed a disdain (disgust) for her sinful life.

उसने अपनी सारी सम्पत्तिको श्रीरङ्गनाथजीके चरणोंमें अर्पण कर दिया और दीनहीन होकर आजीवन श्रीरङ्गनाथजीकी सेवाका व्रत ग्रहण कर लिया।

She offered all her possessions at the feet of Śrī Raṅganāthajī and, becoming meek and humble, took a vow to render devotional service to Śrī Raṅganāthajī for the rest of her life.

रचित ग्रन्थ

Book written by *Bhakta-aṅghri-reṇu*

भक्ताङ्घ्रिरेणुकी 'तिरुमलई' और 'तिरुप्पलियेडूच्चि' अति उत्कृष्ट रचनायें हैं।

'Tiru-malai' and 'Tiruppaliyeḍūcci' are exceptional compositions of Bhaktāṅghri-reṇu

जिनमें तिरुमलई–उनके द्वारा रचित श्रीरङ्गनाथजीके मधुरातिमधुर स्तवोंका एक अतीव सुन्दर काव्य-ग्रन्थ है, जिसका अर्थ होता है–'धन्य मालिका।'

In which 'Tiru-malai' is an extremely beautiful poetic work composed by him, consisting of the sweetest hymns dedicated to Śrī Raṅganāthajī, and its meaning is 'blessed garland (*dhanya-mālikā*)'.

और तिरुप्पलियेडूच्चि–भक्तिरससे सना हुआ एक उच्चकोटिका काव्य-ग्रन्थ है, जिसका अर्थ होता है–'परमात्माका जागरण'।

And Tiruppaliyeḍūcci is a high-quality poetic work imbued with the mellows of devotion, which means 'Awakening of the Supreme Soul (Paramātmā)'.

ये दोनों ग्रन्थ तामिल भाषामें हैं। प्रवाद है–इन्होंने १५० वर्षकी आयुमें वैकुण्ठ-विजय किया था।

These two books are in the Tamil language. It is said that he attained Vaikuṇṭha at the age of 150 years. [Note: Vaikuṇṭha is the abode of Lord Nārāyaṇa, which lies beyond the coverings of the material universe and literally means the place with no anxiety.]

श्रीरङ्गनाथजीकी चतुर्थ चहारदीवारीके निर्माता तिरुमंगई पर कृपा

Bhakta-aṅghri-reṇu showers mercy on Tirumaṅgaī
the creator of the fourth outer wall of Śrī Raṅganāthajī

इन्हींके समय तिरुमङ्गई नामक एक प्रसिद्ध दानी व्यक्ति श्रीरङ्गनाथजीके मन्दिरकी चतुर्थ चहारदीवारीका निर्माण कर रहे थे।

During this time, a famous charitable person named Tirumaṅgaī was constructing the fourth outer wall of the temple of Śrī Raṅganāthajī.

भक्ताङ्घ्रिरेणुके बगीचेका कुछ भाग चहारदीवारीके भीतर आ जाता था।

Some parts of the garden of Bhakta-aṅghri-reṇu used to come inside the courtyard.

किन्तु तिरुमङ्गईने उनके बगीचेका वह भाग छोड़कर ही चहारदीवारी पूरी कर दी।

However, Tirumaṅgaī completed the courtyard wall by leaving that part of their garden untouched.

इससे भक्तरेणु बड़े खुश हुए और तिरुमङ्गईको बहुत ही आशीर्वाद दिया।

Seeing this, Bhakta-reṇu was very pleased and blessed Tirumaṅgaī immensely.

'गुरू परम्पराई' नामक ग्रन्थमें इस घटनाका उल्लेख पाया जाता है।

This event is mentioned in the book called 'Gurū-paramparāī'.